## कलेक्टर ने कहा गिरदावरी न करने पर हल्का पटवारियों की तय होगी जवाबदेही

# किसानों का 28 करोड़ भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किसानों की खून-पसीनें और मेहनत से पैदा की गई समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का पूरा भुगतान सुनिश्चित हो। तहसीलदार और नायब तहसीलदार गिरदावरी कार्य को प्राथमिकता दें और पटवारियों से सक्रियता के साथ इस कार्य को संपादित करायें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान बताया गया कि किसानों को अब तक समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का 1142 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। जबकि किसानों को 28 करोड़ रूपये का भुगतान किया जाना शेष है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने शीघ्र ही शेष भुगतान पूरा करने के निर्देश दिये।

### कारण बताओ नोटिस जारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने खाद्य विभाग, वन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग, सहकारिता विभाग को लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास, भू-अभिलेख, राजस्व खनिज, खाद्य आदि विभागों के समय-सीमा पत्रों की समीक्षा की और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। अनूसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया ने बताया कि अब तक 60 प्रतिशत छात्रों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन पूरा किया जा चुका है।

कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि अवैध कब्जेधारियों के विरूद्ध सख्त रूख अपनाते हुये उन्हें सिविल जेल भेजने की कार्यवाही करें। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन और फार्मर आईडी बकेटिंग प्रगति की समीक्षा की और इस कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से समग्र ई-केवाइसी कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने परिवहन विभाग को अवैध खनिज का परिवहन कर रहे गैर पंजीकृत कृषि वाहनों पर कॉमर्शियल टैक्स लगाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पीएचई विभाग को जलजीवन मिशन में 41 पूर्ण नल जल योजनाओं को अगले एक सप्ताह में ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति के अनुसार अनुबंधित डॉक्टरों को वेतन जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होनें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी को सीएमएचओ से समन्वय कर अस्पतालों को प्रदूषण सर्टिफिकेट के आवेदन करवा कर सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षाओं के दौरान नगरीय निकायों की पीएम स्वनिधि, आदिम जाति कल्याण विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर योजना, टंट्या मामा और भगवान बिरसामुंडा स्वरोजगार युवाओं के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्देशित किया। कलेक्टर ने उद्यागिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना में स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने उद्योग विभाग की पीएम विश्वकर्मा योजना की कम प्रगति पर महाप्रबंधक उद्योग के प्रति नाराजगी व्यक्त की और मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लक्ष्यों में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र देने में विलंब करने वाले पंचायत सचिवों के विरूद्ध लोक सेवा गारंटी अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप



### हवन और भंडारा के साथ भागवत कथा का समापन

**सिलौंडी।** गोपालपुर में चल रही श्री मद भागवत कथा के अंतिम दिन हवन पूजन और विशाल भंडारा के साथ श्री मद भागवत कथा का समापन हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने कथा वाचक का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान सरपंच साकेत लोनी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी,सदन तिवारी, कोढ़ी लाल पटेल,मोहन बागरी,प्रवीण तिवारी की ग्रामीण की उपस्थिति रही।

### नगर निगम कार्यालय में महापौर जनसुनवाई आज

**कटनी।** आम नागरिकों की नगर निगम कार्यालय से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अभिनव पहल के तहत मंगलवार 24 फरवरी को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। शहर के आम नागरिक जनसुनवाई में समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर महापौर श्रीमती सूरी के समक्ष स्वयं प्रस्तुत कर सकते है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि यह पहल सुशासन, जवाबदेही से कार्य करनें की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ रहा है। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना ही नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराना है। ताकि नागरिकों को बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होने नागरिकों से जनसुनवाई कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### कुंए में गिरे युवक की मौत, समय पर इलाज नहीं करने के आरोप

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम सैदा में सोमवार को एक 18 वर्षीय युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक अपने घर के पास स्थित कुएं के नजदीक गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे कुएं में गिर गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर सुनकर युवक को कुएं से बाहर निकाला। परिजनों के मुताबिक उस समय युवक जीवित था और उसकी सांसें चल रही थीं। घटना के तुरंत बाद परिजन युवक को लेकर रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने पर वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। परिवारजनों ने बताया कि वे करीब 30 मिनट तक डॉक्टरों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान युवक ने अस्पताल परिसर में ही दम तोड़ दिया। मृतक युवक के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय पर डॉक्टर उपलब्ध होते और तत्काल उपचार मिलता, तो युवक की जान बचाई जा सकती थी।

### डेंगू-मलेरिया पर नियंत्रण के लिए फागिंग

**कटनी।** मौसम हो रहे रोजाना बदलाव के फलस्वरूप नगर में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के संभावित प्रसार को देखते हुए नगर प्रशासन द्वारा सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवा के छिड़काव एवं फॉगिंग का विशेष अभियान निरंतर जारी है। अभियान के तहत निगम अमले द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, जलभराव स्थलों, नालों एवं मच्छर प्रजनन संभावित स्थानों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर-टंकियों की नियमित सफाई करें तथा स्वच्छता बनाए रखें।



## पुलिस की कार्यवाही के विरोध में वकीलों ने किया चकाजाम-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिसिया कार्यप्रणाली को लेकर सोमवार को जिला न्यायालय के सामने अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए जबलपुर-कटनी मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। उनका आरोप है कि पुलिस वकीलों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही है। इस प्रदर्शन से सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हुआ। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने आरोप लगाया कि पुलिस अपराध को कम करने में नाकाम साबित हो रही। अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय अधिवक्ताओं पर फर्जी आपराधिक मामले दर्ज कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अधिवक्ता मनु तिवारी पर दर्ज मामला इसका उदाहरण है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दुबे कॉलोनी में शुक्रवार रात पार्किंग को लेकर पड़ोसी नितिन चक्रवर्ती और अधिवक्ता मनु तिवारी के ड्राइवर रवि विश्वकर्मा के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने शनिवार को होमगार्ड प्लाटून कमांडर के पति और वकील मनु तिवारी सहित 7-8 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि बिना पूरी जांच के एकतरफा कार्रवाई की गई है वकीलों ने गलत धाराओं को हटाया हटाने की मांग की है। जबकि पुलिस मामले की जांच जारी होने की बात कह रही है।

**जायजा टीम ने स्थानीय महिलाओं से भी लिया प्रत्यक्ष फीड बैग**

## जायका टीम ने किया ट्रांसमिशन लाइन एवं सब स्टेशन का बारीकी से निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) द्वारा मध्यप्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण हेतु मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में संचालित जायका-2 वित्त पोषित विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। जायका जापान की इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी एवं जायका के भारतीय प्रतिनिधि कुनाल गुप्ता ने निर्माण कार्यों, उनकी गुणवत्ता, उपयोगिता तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन की बारीकी से जांच-पड़ताल की।

निरीक्षण के दौरान टीम ने सर्वप्रथम कटनी जिले के 132 केवी सबस्टेशन ढीमरखेड़ा तथा इसके लिए निर्मित 132 केवी पनागर–ढीमरखेड़ा ट्रांसमिशन लाइन का अवलोकन किया। इवैल्यूएटर सुश्री ताकाहाशी ने लोन स्वीकृति के समय प्रस्तुत प्रारंभिक योजना, परियोजना के क्रियान्वयन, स्थापित उपकरणों की गुणवत्ता, लागत एवं रखरखाव से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण उपरांत उन्होंने सबस्टेशन एवं ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया।

जायका द्वारा वित्त पोषित फंड से निर्मित सबस्टेशन की उपयोगिता के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेने के साथ-साथ जायका टीम ने स्थानीय महिलाओं को बुलाकर उनका प्रत्यक्ष फीडबैक भी लिया।

महिलाओं ने बताया कि सबस्टेशन के निर्माण से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब उन्हें पर्याप्त एवं निर्बाध बिजली मिल रही है, जिससे सिंचाई के लिए भी पर्याप्त विद्युत उपलब्ध हो रही है। इससे उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

निरीक्षण के दौरान एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता के.एम. सिंघल, अधीक्षण अभियंता आर.सी. शर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.पी.एस. चौहान, शशि शेखर, शरविराज पटेल, सहायक अभियंता जितेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में हुई शिक्षा विभाग की बैठक



सोमवार को भारत सरकार के संयुक्त सचिव फूलचंद्र प्रसाद की अध्यक्षता एवं कलेक्टर आशीष तिवारी की उपस्थिति में जिले के समस्त पी.एम.श्री विद्यालयों, केन्द्रीय विद्यालयों एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के संयुक्त संचालक आर.के.डेकाटे ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया। पीएम श्री विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के शोकेस के क्रियान्वयन के रूप मे कार्य कर रहे है। बैठक में बताया गया कि कटनी जिले के कुल 13 पीएम श्री विद्यालय संचालित है। ये विद्यालय 21वीं सदी आधारित शिक्षा जो व्यवहारिक कौशल 'लर्निंग विद अर्निंग साइंटिफिक एजुकेशन' गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर कार्य कर रहे है। इसके पूर्व संयुक्त सचिव श्री प्रसाद ने विकासखंड विजयराघवगढ के दो पीएमश्री विद्यालय खलवारा बाजार कैमोर एवं खिरवा नं. 2 का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, एडीपीसी सुश्री धनश्री जैन, एपीसी अभय जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपयंत्री को कार्य से किया विरत, जांच संस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**विद्यालय के जर्जर शौचालय की दीवार गिरने से छात्र की मृत्यु पर प्रशासन सख्त**

विकासखण्ड विजयराघवगढ़ के माध्यमिक शाला बम्हनगवां में जर्जर मूत्रालय की दीवार गिरने से घटित हुई दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में जनपद शिक्षा केन्द्र विजयराघवगढ़ के उपयंत्री मनोज स्वर्णकार की लापरवाही मानते हुये कलेक्टर आशीष तिवारी ने, उपयंत्री को शासकीय कार्यों से विरत कर दिया है। साथ ही जांच संस्थित कर जाँच अधिकारी नियुक्त कर दिया है।

घटना की प्रारंभिक जाँच में यह पाया गया कि विद्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र विजयराघवगढ़ के उपयंत्री मनोज स्वर्णकार के कार्यक्षेत्र में रहा एवं उनकी यह जबावदेही रही है, कि वे अधीनस्थ विद्यालयों की सतत मानीटरिंग एवं जर्जर संरचनाओं का चिन्हांकन कर उन्हें प्रतिबंधित एव ध्वस्त करने की कार्यवाही कराएँ। परंतु शाला एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु लगातार राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केन्द्र कटनी से निर्देश प्रदान करने के बावजूद उपयंत्री श्री स्वर्णकार अपने दायित्वों के निर्वहन में पूर्णतः अक्षम रहे।

विद्यालय को प्रारंभिक रूप से प्राप्त 25 प्रतिशत आकस्मिक निधि का उपयोग अति आवश्यक मरम्मत कार्य में किया जाना था, जो कि नहीं किया गया। साथ ही उपयंत्री श्री स्वर्णकार द्वारा मूत्रालय जर्जर होने संबंधी कोई भी जानकारी जिला शिक्षा केन्द्र को नहीं दी गई और न ही मरम्मत कार्य कराया गया और न ही विद्यालय में घटना स्थल पर बच्चों की सुरक्षा के कोई उपाय कराए गए।

इस घटना के संबंध में उपयंत्री श्री स्वर्णकार को जारी कारण बताओ सूचना पत्र का जबाव संतोष जनक नहीं पाये जाने पर उपयंत्री श्री स्वर्णकार घटना के दोषी माने गये।

इसके बाद कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद शिक्षा केन्द्र विजयराघवगढ़ के संविदा उपयंत्री श्री स्वर्णकार के आरोपों की विस्तृत जांच संस्थित करते हुये बीआरसीसी विजयराघवगढ श्री चेतराम सिंह मरकाम एव प्रभारी सहायक यंत्री जिला शिक्षा केन्द्र कटनी रोहित हल्दकार को संयुक्त रूप से जाँच अधिकारी नियुक्त करते हुये 1 माह के अंदर प्रकरण की विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही संविदा उपयंत्री श्री स्वर्णकार को उक्त जाँच अवधि के दौरान शासकीय कार्यों से विरत कर दिया है। इस अवधि में जीवन निर्वाह हेतु नियमानुसार निर्धारित पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत की पात्रता होगी।

**एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट के सामने किया विरोध प्रदर्शन**

## छात्र की मौत के मामले में दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनगवां स्थित शासकीय स्कूल की जर्जर दीवार गिरने से बीते दिनों 5वीं कक्षा के छात्र राजकुमार बर्मन की हुई मौत को लेकर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। NSUI कार्यकर्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्लारे को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मृतक छात्र राजकुमार के परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा देने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, मृतक की मां को स्थाई भूमि का पट्टा और शासकीय आवास आवंटित करने की भी मांग की गई। NSUI ने इस लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जिले के सभी शासकीय स्कूलों के जर्जर भवनों का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कराने की भी बात कही, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही आकांक्षा मिश्रा ने क्षेत्री विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और शिक्षा विभाग इस लापरवाही को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। मिश्रा ने आरोप लगाया कि जब वे पीड़ित मां को न्याय दिलाने के लिए कलेक्ट्रेट आ रहे थे, तब विधायक के समर्थकों ने उन्हें रोका। मिश्रा ने बताया कि समर्थकों ने उनके साथ गाली-गलौज की और कई लोगों को डराया-धमकाया, ताकि वे विरोध प्रदर्शन में शामिल न हों। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मृतक की मां शिव कुमारी बर्मन को भी कलेक्ट्रेट आने से रोका गया।

आकांक्षा मिश्रा ने विधायक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ समय पहले कैमोर में एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या पर विधायक ने चंदा इकट्ठा कर आर्थिक मदद की थी। इसके विपरीत, उनके ही क्षेत्र में शिक्षा विभाग की गलती से एक छात्र की मौत पर विधायक की ओर से कोई संवेदना नहीं दिखाई गई।

प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की तैनाती की गई थी। NSUI ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला, तो संगठन चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

**होलाष्टक के दौरान कार्य फलदायी नहीं माने जाते**

## होलाष्टक आज से, मांगलिक कार्यक्रमों पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



होलिका दहन से आठ दिन पहले लगने वाले होलाष्टक 24 फरवरी से 3 मार्च तक रहेंगे। इन आठ दिनों में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, वाहन व मकान की खरीद-बिक्री जैसे सभी शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे हैं। हालांकि यह समय देवी-देवताओं की आराधना, जप, तप और दान-पुण्य के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना गया है। होलाष्टक फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से शुरू होकर शुक्ल पूर्णिमा तक चलता है।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि होलाष्टक के दौरान किए गए शुभ कार्य फलदायी नहीं माने जाते, इसलिए इन्हें टालना ही श्रेयस्कर कहा गया है। इस अवधि में विवाह और सगाई जैसे कार्यक्रम स्थगित किए जाते हैं। नया घर, दुकान या व्यवसाय शुरू नहीं किया जाता। वाहन, भूमि, मकान की खरीद से परहेज के अलावा 16 संस्कारों पर भी रोक मानी जाती है। इन पाबंदियों के उलट होलाष्टक का समय आध्यात्मिक उन्नति के लिए विशेष माना गया है। इस अवधि में भगवान शिव, विष्णु और हनुमानजी की पूजा, महामृत्युंजय मंत्र जाप, भगवत भजन और कीर्तन के साथ दान-पुण्य और सेवा कार्य करना श्रेष्ठ है। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि होलाष्टक का समय ग्रहों की ऊर्जा को अस्थिर और उग्र मानता है। इस समय ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है, जिससे किसी भी शुभ कार्य में विघ्न उत्पन्न हो सकते हैं। इससे कार्य की सफलता में विघ्न और रुकावटें आ सकती हैं। यही कारण है कि इस दौरान शुभ कार्यों को टालने की सलाह दी जाती है।होलाष्टक के समय विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, नामकरण संस्कार, जनेऊ/धागा संस्कार, गृह शांति, हवन, यज्ञ नया व्यवसाय या नौकरी शुरू करना, जमीन/घर/वाहन खरीदना,मेहंदी, मुंडन और अन्य संस्कार( नई चीजों की खरीदारी, बाल काटना, नाखून काटना,नवविवाहिता के लिए पहली होली ससुराल में न मनाने की परंपराहै। होलाष्टक' शब्द होली और अष्टक से मिलकर बना है। अर्थ है- होली से पहले के आठ दिन। इन्हीं दिनों से होली पर्व की तैयारियां जोरों पर होती हैं।

पौराणिक प्रसंग के अनुसार दैत्य राज हिरण्यकश्यप ने भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद को इन आठ दिनों तक कठोर यातनाएं दी थीं। अंत में बहन होलिका की गोद में बैठाकर प्रह्लाद को अग्नि में जलाने का प्रयास किया गया। ईश कृपा से प्रह्लाद बच गए और होलिका जल गई। इसी कारण इन आठ दिनों को कष्ट, तप और परीक्षा का समय मानते हुए शुभ कार्यों से बचने की परंपरा व मान्यता है।

## केन्द्रीय बजट पर हुआ विशिष्ट व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सोमवार को 'केन्द्रीय बजट 2026-27' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक प्रो. प्रियंका गुप्ता, डॉ. अपेक्षा मिश्रा, डॉ. रामसहोदर साकेत तथा राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के. पी. मिश्रा एवं डॉ. अतुल कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जागेश्वर प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्रीय बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक दिशा और विकास दृष्टि का दर्पण होता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का बजट भारत सरकार द्वारा समावेशी विकास, रोजगार सृजन, कृषि सुदृढ़ीकरण, आधारभूत संरचना के विस्तार तथा सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रस्तुत किया गया है। व्याख्यान में कृषि एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा एवं कौशल उन्नयन, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ता ने विशेष रूप से मेक इन इंडिया एवं स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि इन पहलों से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### जिज्ञासाओं का समाधान

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बजट से संबंधित जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### विस्फोटक से युवक गंभीर रूप से घायल

**कटनी।** ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम छाहर में विस्फोटक सामग्री के लापरवाही पूर्वक इस्तेमाल के कारण एक युवक के घायल होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गत दोपहर लगभग 3:30 बजे ग्राम छाहर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेहद लापरवाही के साथ विस्फोटक का उपयोग किया गया। इस धमाके की चपेट में आने से 28 वर्षीय जयंत गोंड निवासी ग्राम छाहर, गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद ढीमरखेड़ा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह विस्फोटक किस प्रकार का था और उसे वहां किसने और किस उद्देश्य से रखा था। घायल जयंत का उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

### होटल से नकदी सहित जेवरात हुए पार

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पहरूआ के समीप एक निजी होटल में चोरी की एक वारदात सामने आई है। होटल की गैलरी में रखा सामान अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। शिकायतकर्ता रोशन लाल त्रिसूलिया 37 वर्ष निवासी साईं मंदिर के पीछे ने पुलिस को बताया कि घटना 20 फरवरी की रात लगभग 12:30 बजे की है। फरियादी होटल के रूम के सामने गैलरी में मौजूद थे तभी अज्ञात चोर ने उनका सामान चोरी कर लिया। चोरी गये सामान में एक सोने का मंगलसूत्र, नगदी 12,000/ रुपये के अलावा आधार कार्ड और पैन कार्ड शामिल है। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 80,000 रुपये बताई जा रही है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि अज्ञात आरोपी का सुराग लगाया जा सके।

### वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन आज

**कटनी।** नगर निगम के माध्यम से नागरिकों को की जाने वाली पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के त्वरित निराकरण सहित आवश्यक सुझाव प्राप्त हेतु मंगलवार 24 फरवरी को वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन किया गया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को वार्ड स्तरीय जल सुनवाई के दौरान नागरिकों से जलापूर्ति से संबंधित प्राप्त होने वाली समस्याओं एवं आवेदनों पर सुनवाई करते हुए उन पर शीघ्रता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि जल सुनवाई के तहत वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सुनवाई की जायेगी। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के लिए 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लिए जल सुनवाई का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जल सुनवाई में प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद रहेंगे जो जांच करेंगे।

### कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में कृषि विज्ञान मेले में यंत्रों का किया प्रदर्शन

# कृषि विज्ञान मेलाः किसानों को योजनाओं की दी जानकारी, मिलेट उत्पादों के लगाये स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में सोमवार 23 फरवरी से 2 दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला पंचायत सदस्य अजय गोटिया, जनपद पंचायत कटनी कृषि स्थाई समिति के सभापति श्रीलाल हल्दकार और पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान पहुंचे।

कार्यक्रम में कृषि अभियांत्रिकीय विभाग द्वारा कृषि के उन्नत यंत्रों हॉर्वेस्टर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, कम्बाईनर, ट्रेक्टर, स्प्रेयर, स्ट्रा रीपर आदि का प्रदर्शन भी किया गया। मेले में ईफको द्वारा ड्रोन, नैनो उर्वरकों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत कृषि तकनीको एवं आगामी फसलो की तैयारियों से सम्बंधित जानकारियां प्रदान की गयी। विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओ की जानकारी देते हुए मृदा स्वाथ्य के बारे विस्तृत चर्चा की गई एवं नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी देते हुए बायो डीकम्पोजर के उपयोग एवं इसके लाभों से



अवगत कराया गया, साथ ही कस्टम हायरिंग सेंटर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रो से संबंधित जानकारी दी गयी। अन्य विभागों से उपस्थित अधिकारियो द्वारा भी अपने विभागों में संचालित योजनाओ की जानकारी कृषकों को दी गयी।

### श्री अन्न के स्टॉल में उमड़ी भीड़

मेला स्थल में मानव जीवन विकास समिति द्वारा श्री अन्न के बनाये लजीज व्यंजन और जायकों के लोग मुरीद हो गये। इस स्टॉल में जायकों के शौकीनों की भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने महुआ की पूड़ी, कोदो की खीर, कोदो का पुलाव, दही, धनिया-टमाटर की चटनी, रागी के आटे के हलवे के स्वाद का लुत्फ लिया। साथ ही सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी खींची।

कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा कोदो, कुटकी एवं अन्य मिलेट के उत्पादों के स्टॉल लगाये गये। उद्यानिकी विभाग द्वारा जैविक बैंगन, धनिया पत्ती, मूली, हल्दी, सेम, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुड़ के गुलगुले, मुनगा के पराठे, मुनगा की पूरी, मुनगा के भजिये, सोया बर्फी, तिल-मूंगफली के लड्डू, मोटे आनाज जैसे बाजरा, ज्वार, रागी, रामदाना, कोदो, जो, मक्का की प्रदर्शनी लगाई गई। इसी प्रकार मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन द्वारा रागी, कोदो, कुटकी, करहोना धान, काला गेंहू, मकई, मूंग, ओम शांति स्व-सहायता समूह द्वारा हैण्डलूम स्वदेशी खादी वस्त्र, मानव जीवन विकास समिति जैव संसाधन केंद्र द्वारा आग्नयास्त्र, हींगास्त्र, ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र, फूल वर्धक टॉनिक की प्रदर्शनी लगाई गई।

इसी प्रकार मत्स्य, पशुपालन, कृषि विज्ञान केन्द्र, ईफको, अपना स्वदेशी वस्त्र कटनी, सहकारी एवं राष्ट्रीयकृत बैंक, एग्रीकल्चर इंश्योरेंश कंपनी, हिदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, परयान एलाईंस प्रा.लिमिटेड, रोटोमैग, अजय फूड्स कटनी, बजाज सेल्स कटनी, सांची कटनी, राशि सीडस, बॉयर क्रॉप साईंस, दयाल सीड्स, दिगंबर इंडस्ट्रीज प्रा.लिमिटेड (सूर्या चाय जबलपुर) द्वारा स्टॉल लगाये गये।

कार्यक्रम में कृषि विभाग की उपसंचालक कृषि अरूणिमा सेन आयंगर, सहायक संचालक डॉ.आर.एन.पटेल, सुश्री रजनी चौहान, मनीष मिश्रा, पूनम समदरिया एवं श्रीमति उर्मिला धुर्वे, समस्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, समस्त कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य विभागीय अमला तथा कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध से कृषि वैज्ञानिक डॉ. ऐ.के.तोमर, डॉ. आर.के.मिश्रा, डॉ. आर.पी.बेन, डॉ. श्रीमति शशि गौर, डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ. संदीप चन्द्रवंशी उपस्थित रहे।

# जिले के सभी विकासखंडों में शिविरों का आयोजन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर बुधवार 25 फरवरी को विकासखंड कटनी, ढीमरखेड़ा, बड़वारा, रीठी, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ में संकल्प से समाधान अभियान के तहत लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा।

अभियान के तहत बुधवार 25 फरवरी को कटनी के ग्राम छहरी, बड़खेडा, बिचुवा, भनपुरा नं 1, भनपुरा नं 2 व शाहपुर ग्राम के लोगों के लिए बड़खेड़ा में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम आमाझाल, कोठी, खमरिया, जिर्री, दादर, सिहुदी, भमका, महगवां ग्राम के लोगो के लिए ग्राम पंचायत कोठी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं विकासखंड बड़वारा के ग्राम इमलिया, कुम्हरवारा, खरहटा, गणेशपुर, देवरी, बदरी, बसाडी, भदोरा, रोहनिया, लोहरवारा, सकरीगढ़ ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत बसाड़ी में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विकासखंड रीठी के ग्राम उमरिया, करहिया, घनिया, डाग, देवरीकला, पटेहरा, बरहटा, मोहास, रीठी, सिमरादि, महगवां ग्राम के लोगों के लिए बालक माध्यमिक शाला प्रागंण रीठी में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम कुडा घनिया, कौडिया, खिरहनी, चरगवा, जुझारी, तिहारी, देवरी, धूरी, पड़वार, पहरूवा, बडखेडा, नीमरखेडा, बधी(धूरी), मवई सलैयापयासी ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत भवन कौड़िया में शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम अमेहटा, खरखरी, जिजनौडी, टिकरिया, देवराकलॉ, पडखुरी, भैसवाही, मेहगवा, रजरवारा 2, सगरवारा, सुमरा, हरदुआ कला ग्राम के लोगों के लिए ग्राम पंचायत पड़खुरी में शिविर का आयोजन किया गया है।

26 फरवरी को नगर परिषद कैमोर के वार्ड नं 10 सन्डे मार्केट और कैलाश नगर वार्ड, वार्ड नं 11 श्रमिक नगर वार्ड, वार्ड नं 12 पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड, वार्ड नं 9 सुभाष वार्ड के लोगों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र कैलाश नगर में शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा नगर परिषद विजयराघवगढ़ के वार्ड नं 10 बिहारी जू वार्ड, वार्ड नं 11 राजा सरजू प्रसाद वार्ड, वार्ड नं 12 हनुमान प्रसाद पाण्डैय वार्ड के रंगमंच के पास शिविर लगेगा।

# संस्कृति और सभ्यता को जिंदा रखने मातृभाषा में बात करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मैं अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित हुई। जहां महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि नई शिक्षा नीति के बदलाव से जहां शिक्षा, सिलेबस और पद्धति में बदलाव आया है, वहीं मातृभाषा को बढ़ावा मिला है। असर यह है कि सिलेबस में क्षेत्रीय भाषाओं को भी जगह मिल रही है। मेडिकल की पढ़ाई करने स्टूडेंट्स भी अब मातृभाषा यानी हिंदी में ही पढ़ाई कर रहे हैं।भाषाई और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाने और बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है।



प्राचार्या ने कहा कि अपनी संस्कृति और सभ्यता को जिंदा रखने के लिए मातृभाषा में बात करना जरूरी है। जैसे ही मातृभाषा हमसे दूर होती है, वैसे ही हमारी संस्कृति और सभ्यता का पतन होना शुरू हो जाता है।विश्व मातृभाषा दिवस हर साल 21 फरवरी को मनाया जाता है। इसे 17 नवंबर 1999 को यूनेस्को ने स्वीकृति दी थी। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना या जीवित रखना था। मातृभाषा ही हम सभी की असली पहचान है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व भर में करीब 6900 भाषाएं बोली जाती हैं।वही डॉ प्रीति यादव ने कहा कि समय के साथ-साथ अब हिंदी का वर्चस्व काफी बढ़ा है। हिंदी का प्रयोग तो पहले से होता ही है, इसके साथ-साथ हमारे यहां अच्छी हिंदी बोली भी जाती है।वर्तमान में बच्चे, युवा आदि अपनी मातृभाषा में अभिव्यक्ति करना पसंद करने लगे हैं। वही डॉ प्रीत नेगी ने कहा कि हिंदी भी अब रोजगार की संभावनाएं पैदा कर रही है। यही कारण है कि युवा वर्ग अब इसके कोर्स कर रहे हैं। हिंदी साहित्यिक भाषा न होकर आर्थिक मदद करने में और आत्म निर्भर बनाने में भी मददगार हो रही है। अर्थ जगत में भी हिंदी का बोलबाला बढ़ा है। पूरा विश्व भारतीय भाषाओं की ओर आकर्षित हो रहा है, इसके लिए लोग हिंदी सीख भी रहे हैं। मां की तरह ही अपनी मातृभाषा को सम्मान दें। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परम्परा ओर हिंदी विभाग के तत्वाधान मै प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गईं!जिसमें प्रथम स्थान सौरभ चौधरी बीए तृतीय वर्ष,दूसरा स्थान जितेंद्र कुमार यादव एम. ए. प्रथम सेम व तीसरा स्थान ज्योति सिंह राजपूत बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस दौरान प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीत नेगी,अनिल शाक्य, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव,मनोरमा चौधरी, श्रेया मिश्रा सहित स्टॉफ व छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही ।

## जल संरक्षण के लिए निकाली रैली, दिलाई शपथ



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी, दलनायक अभिषेक कुमार, उप-दलनायक दीनदयाल चक्रवर्ती के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय प्राथमिक विद्यालय सनकुई, तहसील आयोजित किया गया है। जिसके चतुर्थ दिवस में स्वयं सेवकों ने प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली, व्यायाम, प्राणायाम, योगासनों, परेड का अभ्यास किया इसके उपरांत जल संरक्षण का संदेश देते हुए, जब न होगा पीने का नीर, तब सब करेंगे विचार गंभीर। जल संरक्षण करो, जीवन को संरक्षित रखो। जल ही जीवन है। जल है तो कल है। नारों के साथ रैली निकाल कर गांव में भ्रमण किया और गांव की चौपाल में एकत्रित होकर ग्राम वासियों से जल संरक्षण के विषय में चर्चा की और जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, इसके पश्चात पंचायत भवन में उपस्थित होकर सचिव गुमान सिंह बागरी, सहायक सचिव रजा मोहम्मद साहनी आनंद कुर्मी, राहुल पांडे, श्रीमती उमा नामदेव, श्रीमती रोशनी लोधी, श्रीमती उमा दर्जी के साथ उपस्थित ग्रामवासियों को भी जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण 20 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह बहोरीबंद विकासखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया (बाकल ) पहुंचे जहां उन्होंने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण स्थल का अवलोकन कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी भव्य प्रतिमा का अनावरण संभवतः 20 मार्च को निर्धारित किया गया है।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल ने बताया कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा अनावरण समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा सहित भोपाल दिल्ली



से दिग्गज नेता शामिल हो सकते हैं। कार्यकम में भव्यता प्रदान करने बृहद रूप में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस दौरान जिला महामंत्री अजय गर्ग,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, डॉ गंगा राम पटेल,राममिलन दुबे,सरपंच पिल्लू पटेल, युवा कांग्रेस नेतानीरज पटेल, ब्लाक सेवादल अध्यक्ष राजेश तिवारी,पूर्णेन्द् पटेल, संजय पटेल,आजाद पटेल,बिल्लू पटेल, रामनारायण पटेल, नारायण पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गौरतलब है कि विकासखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरिया (बाकल) में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी भव्य प्रतिमा स्थापित करने हेतु वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने अपने मद से 8 लाख रुपए की राशि प्रदान की थी। जिसके बाद यहां पर वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा स्थापित करने का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा किया गया है।

*बिना अनुमति निर्माण कार्य एवं अवैध कालोनियों पर भी हो रही कार्यवाही*

# अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही, 27 हजार रूपए का वसूला स्पाट फाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रख नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया करानें के उद्धेश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम की अतिक्रमण शाखा की पृथक-पृथक टीमों द्वारा रोजाना नगरीय एवं उरपनगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करानें की कार्यवाही की जा रही है। वहीं नियमों का उल्लंघन करनें वालों की सामग्री जब्ती एवं स्पॉट फाईन की कार्यवाही के साथ ही बिना अनुमति अनाधिकृत निर्माण कार्यो सहित अवैध कॉलोनी के प्रकरणों पर भी कार्यवाही का सिलसिला जारी है।



अभियान के दौरान मुख्य मार्ग के किनारे अनाधिकृत रूप से बैठकर व्यवसाय करनें वाले सब्जी विक्रेताओं तथा ठेला संचालकों को मुनादी के माध्यम से सार्वजनिक मार्ग से हटाकर जिला चिकित्सालय के सामने निर्मित हाकर्स जोन भेजकर तथा व्यवस्थित कर आवागमन व्यवस्था व्यवस्था को सुगम किया जा रहा है।

सुचारू आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर बाजार क्षेत्रों के अंदरूनी मार्गो की सुचारू व्यवसायियों के बोर्ड एवं दुकान सामग्री आदि को सार्वजनिक मार्गो से पृथक कराने के साथ ही सुभाष चैक एवं देश भंडार के सामने मार्ग पर फूल माला विक्रय करने वाले व्यवसायियों को सार्वजनिक मार्ग से अलग करते हुए निर्धारित स्थल चौपाटी के बाहर स्थित फूल मंडी भेजने के प्रयास किये जा रहे है। इसके अलावा नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को हटानें के साथ ही अव्यवस्थित वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर सुगम आवागमन व्यवस्था मुहैया करानें के प्रयास जारी है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि सुगम आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर चलाये जा रहे अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में लगभग 30 प्रकरणों पर जब्ती की कार्यवाही की जाकर लगभग 27 हजार 300 रुपये का स्पॉट फाईन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त अवैध प्लाटिंग के एक प्रकरण सहित बिना अनुमति निर्माण के 6 प्रकरणों तथा सार्वजनिक मार्गो में कबाड़ सामग्री रखने के तीन प्रकरणों में सामग्री जब्जी एवं जुर्मानें की कार्यवाही की गई है।

## लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करानें अधिकारियों को दिए निर्देश

# आयुक्त के सख्त निर्देश, अवैध कालोनी के प्रकरणों पर गंभीरता से करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग,नगर निगम के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों सहित समय सीमा में दर्ज लंबित पत्रों एवं प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त सुश्री परिहार ने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों, समय-सीमा में दर्ज लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को लंबित पत्रों का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग की समीक्षा कर अधिकारियों को रोजाना प्राप्त शिकायतों को अटेंड कर गुणवत्ता युक्त निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयोग से प्राप्त पत्रों एवं न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा कर



निगमायुक्त ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन दर्ज कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

### लेट लतीफी पर जारी करें नोटिस

निगमायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रेमनगर बस्ती मल्टी में कराये जा रहे विद्युतीकरण के शेष कार्य तथा कार्य को पूर्ण करने की समय-सीमा की जानकारी लेते हुए समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए गए।

### भवनों का शीघ्र दें जांच प्रतिवेदन

आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत प्राप्त 690 आवेदनों पर भवन आवंटन की कार्यवाही हेतु स्थल निरीक्षण कर वर्तमान में आवासों में निवासरत हितग्राहियों की पात्रता जांच के संबंध में उपयंत्रियों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा कर जांच प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत कर नियमानुसार आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश उपयंत्रियों को दिए। बैठक के दौरान नागरिकों को निगम के बकाया कर को जमा करने एवं निगम की सेवाओं का आसानी से लाभ प्राप्त करने हेतु आयोजित हो रहे राजस्व वसूली शिविरों में ई-नगर पालिका ऐप का भी प्रचार-प्रसार कराते हुए, क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिकों को ऐप डाउनलोड करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए।

### उपयंत्री करें वार्डों का सतत निरीक्षण

निगमायुक्त ने बैठक के दौरान अवैध निर्माण, कंपाउंडिंग तथा अवैध कॉलोनी के प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह को दिए। इस दौरान उन्होंने उपयंत्रियों को सतत रूप से वार्डो का निरीक्षण कर अवैध कालोनी निर्माण के प्रकरणों पर गंभीरता से रोक लगाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक के दौरान ई-नगर पालिका के क्रियान्वयन में आ रहे परेशानियों का निराकरण एक सप्ताह में निराकरण कराने, टूरिज्म के हिसाब से खदानों के आसपास के स्थलों को विकसित करने हेतु प्राइवेट खदान संचालकों से बात करने, अवैध नल कनेक्शनों पर कार्यवाही करनें, अवैध निर्माण, अवैध कॉलोनी एवं कंपाउंडिंग के प्रकरणों पर कार्यवाही करने, अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास शुल्क शिविर का आयोजन करने, नदियों के सीमांकन हेतु की जाने वाली कार्यवाही को गति देकर शीघ्र प्रारंभ करनें, विभिन्न वार्डो में प्रधानमंत्री स्वनिधि शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने, बकाया करों की वसूली कार्य में संलग्न अन्य कर्मचारियों को भी पीओएस मशीन उपलब्ध कराने सहित निगम कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार को समस्या निवारण शिविर के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के निर्देश उपायुक्त श्री गुप्ता को दिए।



# मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा की गई वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

भारत ज्ञान विज्ञान समिति बहोरीबंद द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरका आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद में आयोजित किया गया जहाँ 500 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयाँ वितरित की गईं!स्वास्थ्य शिविर मै महिलाओं के रोगों की विशेष जाँच की गईं। साथ ही ह्दय रोग, दंत रोग, पेट, अपच, गैस आदि रोगों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जाँच की गईं!उक्त शिविर के विशेष सहयोगी डॉ आर के यादव रहे। इस दौरान आयोजन समिति अध्यक्ष विजय पटेल, युगल किशोर श्रीवास्तव, गोविंद सिंह, लखन पटेल, के के शुक्ला, सरमन चौधरी, राधेलाल यादव, चंद्रभान बौद्ध, रामेश्वर पटेल, सज्जन अग्रवाल, सुशील महतो, डॉ आर के सेन, रामदास पटेल, उजियार विश्वकर्मा, रामजी पटेल सहित चिकित्सा स्टॉफ उपस्थित रहा।

**खास बातें**

### दो प्रशिक्षार्थियों का अग्निवीर टेक्नीशियन पद पर चयन

**दमोह।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) दमोह के लिए गौरव का विषय है कि इलेक्ट्रीशियन ट्रेड सत्र 2022-24 के दो प्रशिक्षार्थियों सत्यम चोबे पिता भगवानदास चोबे एवं निशांत चोबे पिता बबलू चोबे का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर टेक्नीशियन के पद पर हुआ है। दोनों चयनित युवा वर्तमान में सिकंदराबाद (तेलंगाना) में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात उन्होंने शासकीय आईटीआई दमोह से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में दो वर्षीय तकनीकी प्रशिक्षण लिया था। अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में तकनीकी योग्यता के आधार पर दोनों को बोनस अंक प्राप्त हुए, जिससे चयन प्रक्रिया में उन्हें महत्वपूर्ण लाभ मिला। शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन सहित सभी चरणों में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की। इस उपलब्धि के पीछे दोनों प्रशिक्षार्थियों के माता-पिता का निरंतर प्रोत्साहन एवं अनुशासन महत्वपूर्ण रहा। साथ ही प्रशिक्षण अधिकारी बहादुर सिंह के मार्गदर्शन एवं संस्था प्राचार्य के कुशल नेतृत्व का भी विशेष योगदान रहा। संस्था प्राचार्य ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि पूरे दमोह जिले के लिए गर्व का विषय है।

### पुल के दूसरे साइड इसी जमीन पर फंसा है पेच

# गैसाबाद में सौ करोड़ की लागत से बना नया पुल, नहीं हो पा रहा चालू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद**



पिछले करीबन नौ माह से दमोह पन्ना मेन रोड व्यारमा नदी के ऊपर ग्राम गैसावाद में बनकर तैयार खड़े नए पुल को शासन प्रशासन द्वारा आखिर चालू क्यों? नहीं कराया जा रहा है। यह सवाल क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है, दमोह पन्ना जिला के मध्य में बने पुराने पुल को प्रशासन द्वारा पुल क्षतिग्रस्त होने का तर्क देकर विगत 29 जुलाई 2025 को पुल पर से आवागमन को बंद करते हुए पुल को बंद कर दिया गया था जिससे यात्रियों को आने-जाने में भारी सुविधा हो रही है। पिछले 7 महीनो से पुल बंद है जिस कारण से बड़े वाहनों का आना जाना प्रतिबंधित है, गौरतलब है कि पुराने पुल के बगल से शासन द्वारा 100 करोड़ की लागत से नये पुल का निर्माण कराया गया है। पुल बनकर तैयार खड़ा है, लेकिन शासन प्रशासन इस नए बने पुल को चालू कराने में रुचि क्यों नहीं दिखा रही है। यह विचारणीय पहलू बनता है जबकि पुराना पुल बंद होने के कारण क्षेत्र के गैसाबाद सहित 25 से अधिक गांव के आम जन परेशान है। उन्हें आने-जाने में भारी असुविधा हो रही है। कुछ स्थानीय लोगों ने हरिभूमि को बताया कि नए बने पुल की दूसरी साइड जहां से पन्ना जिला की सीमा लग जाती है। वहां पर किसी किसान की जमीन फस रही है जहां पर पेंच फंसा हुआ है। उक्त किसान से जमीन खरीदी को लेकर सामंजस नहीं बनने के कारण जमीन की खरीदारी नहीं हो पा रही है, यदि ऐसा मामला है भी तो, पीडब्ल्यूडी विभाग शासन प्रशासन एवं पुल ठेकेदार को जमीन के मालिक से बैठकर बात करके मामले को सुलझाना चाहिए लेकिन अभी तक शासन और प्रशासन द्वारा शायद यह प्रयास नहीं किए गए। तभी तो अभी तक पुल की दूसरी साइड को मिट्टी से भरकर लेवल में नहीं किया गया है। जिस वजह से शायद पुल चालू नहीं हो पा रहा है। खैर मामला जो भी हो शासन प्रशासन को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही नए पुल पर से आवागवन को सुचारू रूप से चालू कराए जाने के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि आम नागरिकों को आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके। इस पूरे मामले पर जब जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से बात करने की कोशिश की तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# मारूताल चौराहा पर लगी हाईमास्क लाइट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**



पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने सागर-कटनी बाईपास स्थित मारूताल चौराहा पर हाईमास्क लाइट का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस स्थान पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। विधायक श्री मलैया ने कहा कि मारूताल चौराहा एक प्रमुख यातायात मार्ग है, जहां रात्रि के समय प्रकाश की कमी के कारण लोगों को असुविधा होती थी। हाई मास्ट लाइट के प्रारंभ होने से क्षेत्र में रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी शीघ्र ही इसी प्रकार की आधुनिक लाइटें स्थापित की जाएंगी, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, संजय सेन, मनीष तिवारी, राघवेंद्र सिंह परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत



सिंग्रामपुर। दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर सोमवार कि रात अज्ञात वाहन ने पैदल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी जिसकी घटना पर ही मौत हो गई जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला जबेरा थाना के सिंग्रामपुर चौकी के रेगुलेटर पुलिया के पास का है सिंग्रामपुर निवासी दीनदयाल शुक्ला ढाबा से पैदल गांव कि और आ रहे थे तभी पीछे से अज्ञात बाहन ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे प्रधान आरक्षक रणीधर सिंह सैनिक शिव विश्वकर्मा एनआरएस राहुल घटना स्थल पर पुहंचे मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए शब की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए जबेरा पहुंचाया गया। मर्ग कायम कर अज्ञात बाहन के तलाश शुरू कर दी है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज न देने पर 6 महीने बनाए रखा बंधक, पीड़ित ने हटा थाने में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

# नवविवाहिता पत्नी ने पटवारी पति पर लगाया दूसरी शादी का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**



नगरीय क्षेत्र के गौरीशंकर वार्ड निवासी एक नवविवाहित महिला ने अपने पटवारी पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पत्नी सोमवार दोपहर हटा थाने पहुंची जहां पति के खिलाफ आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। महिला शालिनी अहिरवार ने बताया की सानोदा गाँव का सुरेंद्र अहिरवार मेरे घर रिश्ता लेकर आया था मेरी शादी 4 जुलाई 2025 को देशराज पिता मुन्ना लाल अहिरवार उम्र 37 वर्ष हाल निवासी मकरोनिया जिला सागर के साथ कनारी गाँव में मंदिर से हुई थी। लड़के के परिवार के लोग रिश्ता लेकर आये थे, पति कर्रापुर सिमरिया जिला सागर में पटवारी के पद पर पदस्थ हैं। पत्नी ने बताया की शादी के बाद जब वह घर पहुंची उसके बाद पति ने 5 लाख रुपये नगद और कार देने की बात कहने लगे। मायके में घर की आर्थिक स्थिति खराब थी इसलिए मायके पक्ष के लोग दहेज नहीं दे सके। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे 6 महीने तक घर में कैद करके रखा जब उसे मौका मिला तो उसने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसी दौरान उसे पता चला कि पति की पहले भी एक शादी हो चुकी है, लेकिन उसने झूठ बोलकर दूसरी शादी कर ली। शालिनी ने बताया कि जब शादी हुई थी तो परिवार के लोगों ने पति को एक लाख रुपये नगद दिया था, लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ससुराल वाले उसे परेशान करने लगे। जब उसने पति से दूसरी शादी के बारे में कहा तो पति ने धमकी दी कि वह पटवारी है कुछ भी कर सकता है।

पीड़ित महिला ने हटा थाने में एसडीओपी प्रिया सिंधी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। वही इस मामले में एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया कि महिला ने आवेदन दिया है तथ्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के लिए हुआ प्रथम दिवस का प्रशिक्षण



**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में जनगणना 2027 के प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जायेगा। जनगणना कार्य को समय-सीमा में करने के लिये जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान सभाकक्ष दमोह में सम्पन्न हुआ। सांख्यकीय अन्वेषक जिला प्रभारी मोना चौहान एवं सांख्यकीय अन्वेषक सहायक जिला प्रभारी दीपिका कुमारी ने जिले के राजस्व अधिकारियों, जनगणना अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों नगरीय क्षेत्र में जनगणना कार्य कर रहे लिपिकों को प्रथम दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मीना मसराम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला योजना अधिकारी अलका दास, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज लिपिकगण मौजूद थे।

### नेता प्रतिपक्ष के विरूद्ध टिप्पणी को लेकर आक्रोश

# आदिवासी विकास परिषद ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा की मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के द्वारा विगत दिनों संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के विरुद्ध की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद युवा प्रभात ने सोमवार को राज्यपाल महोदय एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए बताया गया कि विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार जी द्वारा प्रदेश में संसाधनों के आवंटन में पक्षपात के मुद्दे को उठाया जा रहा था।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी द्वारा औकात में रहना जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया जो ना केवल अत्यंत आपत्तिजनक हैं बल्कि पूर्णतः असंवैधानिक भी है। यह भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों संवैधानिक मर्यादाओं तथा सदन की गरिमा के विपरीत हैं। विशेष रूप से यह टिप्पणी एक प्रमुख आदिवासी नेता के प्रति की गई है जिससे समस्त आदिवासी समाज की भावनाएं आहत हुई है। ज्ञापन में कहा गया कि यह केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं है बल्कि लोकतंत्र में समानता, सम्मान और प्रतिनिधित्व के सिद्धांतों पर भी सीधा प्रहार है। एक संसदीय कार्य मंत्री का दायित्व सदन की गरिमा बनाए रखना होता है किंतु इस प्रकार की भाषा का प्रयोग उनके पद की गरिमा के विपरीत है ऐसे में उनके मंत्री पद पर बने रहना उचित नहीं है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए एवं इस अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग ज्ञापन में की गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद युवा प्रभात जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रताप सिंह टेकाम, मध्य प्रदेश सचिव संगठन हरिराम ठाकुर, सत्येंद्र सिंह, मुकेश सिंह ठाकुर, महेश सिंह ठाकुर, धन सिंह, भूरा सिंह, खेत सिंह आदि मौजूद रहे।

## भगवान चंद्रप्रभु जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**कुण्डलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान श्री चंद्रप्रभु जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 23फरवरी2026 को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान हुआ । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण कांड वाचन के साथ निर्वाण लाडू श्री चरणों में समर्पित किया गया। जैनधर्म के आठवें तीर्थंकर श्री चंद्रप्रभु भगवान तीर्थराज सम्मेदशिखर के ललितकूट से फाल्गुन सुदी सप्तमी जेष्ठा नक्षत्र में 1000 मुनिराजो के साथ मोक्ष पधारे। सम्मेदशिखर की इसी ललितकूट से 984 अरब 72 करोड़ 80 लाख 84 हजार 595 मुनि मोक्ष गए । प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश, निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य श्रेष्ठी मुकेश कुमार अतिशय जैन नोएडा, एमपी जैन मनीष जैन जयपुर, हर्षल विपिन जैन गाजियाबाद ,अनिल चांदवाड़ स्व.ताराचंद चांदवाड़ जयपुर, कनक माला श्रीपाल जैन उदयपुर ,सबल संजीव जैन बालाघाट, आदित्य चिराग आजाद जैन जबलपुर ,ओमप्रकाश देवीलाल जैन उदयपुर, शशिपाल जैन स्व. भवरलाल जैन उदयपुर, राकेश प्रदीप अमित जैन विदिशा आदि श्रद्धालु भक्तों ने सौभाग्य प्राप्त किया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई।

## इग्नू अध्ययन केंद्र के पुनः संचालन एवं परीक्षा केन्द्र बनाये जाने को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में इग्नू अध्ययन केंद्र को पुनः सक्रिय करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय



मुक्त विश्वविद्यालय के इग्नू क्षेत्रीय केंद्र जबलपुर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सोमासी श्रीनिवास तथा उपनिदेशक डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने महाविद्यालय का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन एवं अध्ययन केंद्र के लिए प्रस्तावित समन्वयक डॉ. कमल कुमार कोरी के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में इग्नू अध्ययन केंद्र के पुनः संचालन की औपचारिक प्रक्रियाओं, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं पर विचार-विमर्श किया गया। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. श्रीनिवास ने बताया कि अध्ययन केंद्र के सक्रिय होने से दमोह एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विविध पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का सुलभ अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने इग्नू द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की। बैठक में जून माह में आयोजित होने वाली आगामी परीक्षाओं की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाएं, विद्यार्थियों के पंजीयन, अध्ययन सामग्री वितरण एवं ऑनलाइन सेवाओं की उपलब्धता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन ने महाविद्यालय प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि अध्ययन केंद्र के पुनः संचालन से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं लचीली शिक्षा का लाभ मिलेगा। बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई तथा शीघ्र ही आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर अध्ययन केंद्र एवं परीक्षा केंद्र प्रारंभ करने की सहमति बनी।

# मुक्तिधाम निर्माण कार्य में लापरवाही, राशि आहरण के बाद भी काम अधूरा




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा**

जिले की जबेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क में मुक्तिधाम निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आपत्तियां उठाई हैं। शासन द्वारा मुक्तिधाम परिसर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से पांचवें राज्य वित्त आयोग मद से 3 लाख 91 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जानकारी के अनुसार यह राशि टीन शेड एवं पक्का फर्श निर्माण के लिए निर्धारित की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा करीब 1 लाख 56 हजार 229 रुपये की राशि निकाले जाने के बावजूद स्थल पर अपेक्षित निर्माण कार्य दिखाई नहीं दे रहा। मौके पर न तो पर्याप्त निर्माण सामग्री मौजूद है और न ही किसी ठोस प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। मुक्तिधाम परिसर में अब भी गंदगी और अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। इस संबंध में जनपद पंचायत के उपयंत्री पावस गढ़वा से संपर्क का प्रयास किया गया, किंतु उनकी ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। वहीं पंचायत सचिव महेंद्र राय ने दूरभाष पर बताया कि कार्य प्रस्तावित है और शीघ्र ही निर्माण शुरू कर पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने सामग्री उपलब्ध होने में विलंब की बात स्वीकार की, लेकिन कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। अब निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं कि स्वीकृत राशि के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए जाते हैं और ग्रामीणों की शिकायतों का किस प्रकार निराकरण होता।

# चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान के लिए मुख्य पात्रों का हुआ चयन, आज भव्य घटयात्रा से होगा शुभारंभ



**दमोह।** सकल जैन समाज द्वारा अष्टानिका महापर्व पर आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के आर्शीवाद से मुनि श्री पदम सागर जी के ससंघ सानिध्य में श्री 1008 चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में 24 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिन मंगलवार को घट शोभायात्रा मंडप शुद्धी सकलीकरण आदि क्रियाये संपंन होगी। विधान समिति के संयोजक महेश दिगंबर ने बताया कि महामंडल विधान अवसर पर कार्यक्रम स्थल उमामिस्त्री की तलैया में भव्य पांडाल में 24 समोशरण की रचाना की गई है। सोमवार को मुनिश्री पदम सागर जी एवं क्षुल्लक तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में कार्यक्रम स्थल पर सर्व प्रथम आचार्यश्री पूजन संपंन हुई। इस अवसर पर ब्रम्हचारी दीपक भैया मोनू भैया स्वतंत्र भैया रोहित भैया गोलू भैया पंडित सुरेश शास्त्री आशीष अभिषेक शास्त्री के निर्देशन में बोलियों के माध्यम से मुख्य पात्रों का चयन किया गया। मुख्य सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य प्रिंस प्रिया जैन विजयनगर, भरत चक्रवर्ती बनने का सौभाग्य रमेश जैन भिड़ा वाले परिवार एवं कुबेर इंद्र पदमचंद जैन खली परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं 24 समोशरण में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य सुधीर सिंघई अध्यक्ष दिगंबर जैन पंचायत परिवार दिनेश चौधरी राजेंद्र जैन संदेश जैन परिवार ब्रह्मचारी अभिषेक सिंघई परिवार दीपक जैन हर्ष कंप्यूटर परिवार दीपक बमोरया परिवार नयन जैन सतीश सिंघई परिवार प्रवीण सिंघई महावीर ट्रांसपोर्ट परिवार प्रवीण सिंघई कुमुद सेल्स परिवार संदीप मोदी सतीश मोदी अभाना परिवार राजेश जैन हिनौती वाला परिवार विजयश्री साड़ी परिवार जबलपुर पदमचंद बजाज परिवार शैलेंद्र बजाज परिवार मोती गोयल परिवार प्रेमचंद अनुज नोहटा तथा जबलपुर नाका मंदिर आदि को प्राप्त हुआ है। शेष समोशरण में सोधर्मेंद्र बनने तथा इंद्र इंद्राणी बनने के लिए विधान समिति के संतोष बनवार चक्रेश सराफ राजेश हिनौती मनोज जैन से संपर्क किया जा सकता है। पात्र चयन अवसर पर विधान संयोजक महेश दिगंबर जैन तहसीलदार मोहित जैन, सुधीर सिंघई पदम खली नवीन निराला चंद्रकुमार जैन राजकुमार रानू नेमकुमार बजाज, संतोष गांगरा, शेलेंद्र मयूर, सुनील बेजेटेरियन चक्रेश सराफ संतोश अविनाशी जितेंद्र जैन मनीष बजाज सुनील बड़ेराय संजय सराफ अमरदीप लालू सहित विभिन्न मंदिरों के पदाधिकारी महिला मंडल युवाओं तथा ब्रम्हचारी भैयाजी जनों की उपस्थिति रही। श्री 24 समोशरण महामंडल विधान को लेकर सकल जैन समाज के बीच जहां उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस मंगलवार को सुबह 8 बजे सिटीनल से घट शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो पुराना थाना टाकीज सराफा घंटाघर पलंदी चौराहा नसिया मंदिर राय चौराहा स्टेशन चौराहा से घंटाघर होते हुए कार्यक्रम स्थल उमामिस्त्री की तलैया कार्यक्रम स्थल पहुचेगी। जहां मंडप शुद्धी सकलीकरण आदि क्रियाये संपंन होगी। शोभा यात्रा में क्रमश घोष पचरंगा महिला मंडल डीजे घट कलश दिव्य घोष मुनि संध समाजजन श्रीजी विमान जी के साथ महापात्र पात्र एवं समाजजन चलेंगे। सकल जैन समाज से घट शोभायात्रा में शामिल होने सुबह 8 बजे सिटी नल पहुचने की अपील की गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

शपथकर्ता सपना बाई उम्र 20 वर्ष पिता मूरत सिंह लोधी सा. बरखेराबैस तह पटेरा जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है यह कि मेरी मां श्रीमति पुष्पा लोधी द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम दमोह से दिनांक 08.05.2008 को मेरे नाम पर 20,000/- बीस हजार रुपए की सिंगल प्रीमियम पालिसी क्रं 355247817 ली थी। मेरी पॉलिसी में मेरा नाम हेमलता लोधी दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सपना बाई दर्ज है। यह कि सपना बाई एवं हेमलता लोधी दोनो एक ही व्यक्ति यानि मेरे ही नाम है। मेरी मां का पुनर्विवाह होने के कारण मेरा व मेरे पिता का नाम दस्तावेजों में बदला गया था। अतः मेरी पॉलिसी में भी सुधारकर नया नाम सपना बाई दर्ज कर मुझे इसका लाभ दिलाया जाये इस हेतू यह सूचना प्रकाशित करा रही हूं।

शपथकर्ता - सपना बाई पिता मूरत सिंह लोधी सा. बरखेराबैस तह पटेरा जिला दमोह